# दुर्दांत अपराधी और पूर्व दस्यु प्रमोद कुशवाहा गिरफ्तार

सतना।

**जिले में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सतना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पूर्व दस्यु और शातिर अपराधी प्रमोद उर्फ नीलेश कुशवाहा को अवैध हथियार के साथ घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।**



### अवैध हथियार बरामद और कानूनी कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 बोर का एक लोडेड देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है,जिसकी कीमत लगभग 5,000 रुपये आंकी गई है। धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज। धारा 11/13 म.प्र. डकैत एवं व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम के तहत कार्रवाई। थाना जैतवारा में दर्ज धारा 296A, 115(2),119(1), 351(2) BNS के तहत आरोपी फरार चल रहा था,जिसमें उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे, डीएसपी (मुख्यालय) मनोज दीक्षित एवं एसडीओपी चित्रकूट राजेश बंजारे के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्रवाई में मझगवां थाना प्रभारी निरीक्षक आदित्य धुर्वे,जैतवारा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय,साइबर सेल प्रभारी अजीत सिंह,उप निरीक्षक अजय सिंह परिहार,विकल तिवारी,सुशील तिवारी,दिनेश परस्ते,रविकान्त यादव,महंत सिंह और चालक नीतेश गौतम व राहुल द्विवेदी की इस गिरफ्तारी में विशेष भूमिका रही।

### घेराबंदी कर बुन्देलापुर मोड़ से दबोचा

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दुर्दांत अपराधी प्रमोद कुशवाहा पिता सौखीलाल कुशवाहा निवासी चंदई,अवैध कट्टा और कारतूस लेकर बुन्देलापुर मोड़ के पास किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मझगवां और थाना प्रभारी जैतवारा ने अपनी टीमों के साथ त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को मौके पर ही धर दबोचा।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर आज



**सतना।** वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक,श्रद्धेय नारायण प्रसाद गुप्ता (नाना जी) की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर 8 फ़रवरी 2026,दिन रविवार को प्रातः 10 बजे,जिला अस्पताल,सतना (मध्यप्रदेश) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से नाना जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। शिविर का उद्देश्य मानव सेवा को बढ़ावा देना एवं समाजहित का संदेश देना है। इस संबंध में वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई जिला सतना के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता एवं महामंत्री श्रीराम गुप्ता ने समस्त पदाधिकारियों,जिला इकाई, युवा इकाई, महिला इकाई के सदस्यों एवं समाज बंधुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करें तथा इस पुनीत कार्य को सफल बनाकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### सेवादल प्रदेश अध्यक्ष का मैहर आगमन आज

**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव का मैहर आगमन 8 फरवरी को प्रातः रेवांचल एक्सप्रेस से होगा।आगमन को लेकर सेवा दल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के कुशल मार्ग दर्शन में मैहर सेवादल परिवार द्वारा आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई। श्री मिश्र ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम मैहर आगमन प्रातः 5:30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से होगा जहां कांग्रेस जनों व सेवा दल के साथियों द्वारा जिला अध्यक्ष धर्मेश घई एवं अरुण तनय मिश्र के कुशल नेतृत्व में भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रातः 8बजे मां शारदा माता के दर्शन करेंगे,तत्पश्चात सेवा दल परिवार द्वारा प्रातः 9 बजे से श्री भार्गव के जन्मदिन पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। उक्त अनुष्ठान में सम्मिलित होते हुए प्रातः 10बजे सड़क मार्ग से कटनी में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सम्मिलित होने हेतु प्रस्थान करेंगे। -

### पेश किया बजट भारत के भविष्य को सशक्त बनाएगा: सांसद




**मैहर।** देश में 2026-27 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट के बारे में जानकारी देते हुए सांसद गणेश सिंह ने बताया कि हर नागरिक के सपनों, आकाक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है जो गरीब,किसान,युवा,महिला,मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण को दिखाता है। इस बजट में स्वास्थ्य के खर्च को कम करने के लिए सरकार ने दवाओं पर लगने वाले शुल्क में कटौती की है,कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क शून्य या बहुत कम कर दिया है।

### होली के अवसर पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**सतना।** आगामी होली पर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने दो जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। दुर्ग-हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग होली स्पेशल (08751/08752) यह ट्रेन 20 कोचों के साथ दो-दो फेरों के लिए चलेगी। दुर्ग से निज़ामुद्दीन (08751): 01 एवं 02 मार्च 2026 को सुबह 10:45 बजे प्रस्थान। निज़ामुद्दीन से दुर्ग (08752): 02 एवं 03 मार्च 2026 को दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान।

## टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला आज



मैहर।

फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा। खिताबी मुकाबला नरहेटी और फ्रेंड्स क्लब मैहर के बीच खेला जाएगा,जिसे लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।आयोजकों के अनुसार विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद एवं आकर्षक कप प्रदान किया जाएगा,जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार रुपये नगद और कप से सम्मानित किया जाएगा। फाइनल मुकाबला दोपहर ठीक 1 बजे से प्रारंभ होगा।

## मैहर में एनएच-30 पर 'मौत का ओवरब्रिज'! मानकों को ताक पर रख जनता की बलि चढ़ाने की तैयारी?







सतना।

मैहर के ग्राम खेरवा कला मोड़ पर निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज भ्रष्टाचार और तकनीकी लापरवाही का जीता-जागता स्मारक बनता जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बन रहा यह ब्रिज सुरक्षा मानकों और स्वीकृत ड्राइंग की धज्जियां उड़ाकर तैयार किया जा रहा है,जिससे भविष्य में यह स्थल एक बड़ा 'ब्लैक स्पॉट' बनने की ओर अग्रसर है।

### ड्राइंग बदली,एलाइनमेंट से खिलवाड़

शिकायतों के अनुसार,स्वीकृत तकनीकी ड्राइंग के विपरीत ब्रिज का एलाइनमेंट कटनी दिशा के बजाय प्रधानमंत्री सड़क की ओर मोड़ दिया गया है। मौके पर अत्यधिक ढलान और ब्लाइंड टर्न के कारण वाहन चालकों को पर्याप्त 'साइट-डिस्टेंस' नहीं मिल पा रही है। आश्चर्यजनक यह है कि लोक निर्माण विभाग के एसडीओ (मैहर) ने अपनी जांच में निर्माण को त्रुटिपूर्ण पाया,फिर भी काम को 'स्टॉप वर्क' नहीं कराया गया।

### भविष्य की योजना पर पानी फेरा

एन एच -30 को भविष्य में 6-लेन किया जाना प्रस्तावित है,लेकिन वर्तमान आरओबी निर्माण इस संरचना के पूरी तरह प्रतिकूल है।इसके चलते भविष्य में भारी शासकीय धन की बर्बादी और तोड़-फोड़ की स्थिति निर्मित होगी। इतना ही नहीं,स्वीकृत प्रोजेक्ट में शामिल सर्विस लेन को ठेकेदार डकार गया है,जिससे स्कूली बच्चों और स्थानीय किसानों की जान जोखिम में है।

### विधानसभा में उठे सवाल: कौन है जिम्मेदार?

विधानसभा में पूछे गए तीखे सवालों ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल यह है कि जब निर्माण गलत है,तो दोषियों पर एफआईआर क्यों नहीं हुई? क्या प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है? अब देखना यह होगा कि क्या सरकार इस त्रुटिपूर्ण निर्माण को रुकवाकर उच्च-स्तरीय जांच कराती है या फिर रसूखदारों के दबाव में जनता को दुर्घटनाओं के हवाले कर दिया जाएगा।

## सड़कों पर 'बस' माफिया का कब्जा: पन्ना रोड से रीवा रोड तक जनता पस्त, प्रशासन मस्त




सतना।

शहर की सड़कों को क्या अब बस संचालकों के निजी गैरेज के रूप में मान लिया जाए? यह सवाल आज हर वह नागरिक पूछ रहा है,जो हर दिन घंटों जाम में फंसकर अपनी जान और समय दोनों जोखिम में डाल रहा है। सतना-पन्ना मार्ग हो या रीवा रोड,शहर की मुख्य धमनियाँ 'अवैध बस पार्किंग' के कैंसर से कराह रही हैं।विडंबना देखिए कि जहाँ यातायात सुगम होना चाहिए,वहां बसों की लंबी कतारें प्रशासन के इकबाल को चुनौती दे रही हैं।

### कोठी तिराहा: जहाँ सड़क ही बन गई 'बस स्टैंड'

सतना-पन्ना मार्ग पर कोठी तिराहा से लेकर कल्याण पेट्रोल पंप तक का नजारा देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि यह कोई मुख्य मार्ग है या किसी बस ऑपरेटर का निजी यार्ड। वर्षों से यहाँ सड़क के बीचों-बीच और किनारों पर बसें खड़ी की जा रही हैं। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए इन बसों ने आधी सड़क निगल ली है। रात हो या दिन,यहाँ खड़ी बसें न केवल यातायात बाधित करती हैं,बल्कि आए दिन होने वाली छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं का मुख्य कारण भी बन रही हैं। आखिर किसके संरक्षण में सड़कों पर यह 'कब्जा' बदस्तूर जारी है?

### रीवा रोड पर अघोषित जाम का 24 घंटे वाला टॉर्चर

यही हाल रीवा रोड का भी है। सिविल लाइन से लेकर पन्ना नाका तक का सफर किसी युद्ध जीतने से कम नहीं है। यहाँ रोज दर्जनों बसें सड़क पर ही डेरा डाले रहती हैं। यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्ततम क्षेत्र है,जहाँ महत्वपूर्ण दफ्तर स्थित हैं। लेकिन मजाल है कि किसी अधिकारी की नजर इन 'सड़क छाप' बस स्टैंडों पर पड़ जाए। सिविल लाइन से पन्ना नाका तक 24 घंटे रहने वाले इस अघोषित जाम ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। एम्बुलेंस फंसी हो या स्कूल बस, बस माफिया की दबंगई के आगे सब बेबस नजर आते हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठते गंभीर सवाल

क्या नगर निगम और यातायात पुलिस ने इन बस ऑपरेटरों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है? वर्षों से चली आ रही इस समस्या पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना कई संदेह पैदा करता है। रस्म अदायगी के नाम पर कभी-कभार चालान काट दिए जाते हैं,लेकिन स्थिति अगले ही पल 'जस की तस' हो जाती है। जब तक इन बसों को शहर के बाहर निर्धारित स्टैंडों पर शिफ्ट नहीं किया जाता और सड़क पर खड़ी होने वाली गाड़ियों पर भारी अर्थदंड के साथ जब्ती की कार्रवाई नहीं होती,तब तक सतना की जनता इस 'जाम' के नर्क से मुक्त नहीं हो पाएगी।

## धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज ब्रह्मलीन

सतना।



अध्यात्म और साधना के शिखर पुरुष,धारकुंडी आश्रम के संस्थापक महान संत स्वामी परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज का 102 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया। उनके ब्रह्मलीन होने की खबर से देश-विदेश में फैले उनके लाखों शिष्यों और श्रद्धालुओं में शोक की लहर दौड़ गई है। स्वामी जी ने मुंबई में अपनी पार्थिव देह का त्याग किया। उन्होंने 102वर्ष का गौरवशाली और आध्यात्मिक जीवन पूर्ण किया। अभी हाल ही में 1 जनवरी 2025 को धारकुंडी आश्रम में उनका 101वाँ जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया था। खराब स्वास्थ्य के कारण उन्होंने बदलापुर से 'वर्चुअल' माध्यम से जुड़कर भक्तों को दर्शन दिए थे।

### तपोभूमि धारकुंडी की स्थापना

स्वामी जी का धारकुंडी से गहरा नाता रहा है। उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद जी के आशीर्वाद और आज्ञा से 22 नवंबर 1956 को इस क्षेत्र को अपनी साधना स्थली बनाया था। उस समय यह क्षेत्र अत्यंत दुर्गम और घने जंगलों से घिरा हुआ था। स्वामी जी की कठिन तपस्या और संकल्प के कारण ही आज धारकुंडी एक सिद्ध तपोभूमि और भव्य आश्रम के रूप में प्रतिष्ठित है। स्वामी जी का जाना केवल एक संस्था के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण आध्यात्मिक समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोक कल्याण और साधना के प्रति समर्पित कर दिया। स्वामी जी के ब्रह्मलीन होने के समाचार के बाद से ही धारकुंडी आश्रम सहित उनके विभिन्न केंद्रों पर भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। शिष्य अपने आराध्य गुरुदेव के अंतिम दर्शनों और उनकी शिक्षाओं को याद कर भावुक हैं।

### धारकुंडी में अंतिम विदाई

अध्यात्म के शिखर पुरुष, जिन्होंने 17 वर्ष की उम्र में सैन्य पद त्याग कर वैराग्य चुना,अब ब्रह्मलीन हो चुके हैं। 22 नवंबर 1956 को धारकुंडी की 'शेर गुफा' से तपस्या शुरू करने वाले महाराज के अंतिम दर्शन 8 फरवरी को होंगे। उनकी समाधि निर्माणाधीन मंदिर में ही बनाई जाएगी। इस दुखद घड़ी में परमहंस आश्रम शक्तेशगढ़ से स्वामी अड़गड़ानंद महाराज भी धारकुंडी पहुंच रहे हैं। दर्शन के लिए श्रद्धालु गणेश गेट से प्रवेश करेंगे और निकासी शंकर गेट से होगी। उनके द्वारा स्थापित 50 आश्रम और सच्चिदानंद चिकित्सालय उनकी सेवा भावना के प्रतीक बने रहेंगे।

## आरपीएल क्रिकेट: रीवा कैरेज बैगन और ऑपरेटिंग टीम ने दर्ज की शानदार जीत

सतना।

रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल प्रतियोगिता में आज रोमांचक मुकाबले खेले गए। दिन का पहला मैच सतना 11 पीवे और रीवा कैरेज बैगन के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सतना 11 पीवे ने 111 रन बनाए,जिसमें अजय ने सर्वाधिक 24 रन जोड़े। जवाब में रीवा कैरेज बैगन ने उत्तम शुक्ला की 65 रनों की तूफानी पारी की बदौलत मात्र 12 ओवरों में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उत्तम को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरे मैच में ऑपरेटिंग ने इंजीनियरिंग टीम को 4 विकेट से शिकस्त दी। इंजीनियरिंग टीम ने पहले खेलते हुए 97 रन बनाए। ऑपरेटिंग की ओर से विपुल पांडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25रन बनाए और 2 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' से नवाजा गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद तिवारी (S&T इंचार्ज) और लव कुमार (SSE इंजीनियरिंग) उपस्थित रहे,जिनका स्वागत यादवेंद्र सिंह एवं नीरज राज ने किया। अंपायरिंग सुख नारायण शुक्ला व अनवर ने की। मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि कल का पहला मुकाबला सतना कैरेज वेगन बनाम कमर्शियल और दूसरा मैच रीवा वॉरियर्स बनाम मां शारदा क्लब मैहर के बीच खेला जाएगा।







### ब्राह्मण गौ पृथ्वी संतों के निमित्त होता है भगवान का अवतार

## दहलान धाम में महामंडलेश्वरों ने लगाई धर्म संसद

**सतना।** शिवराजपुर में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ में धर्म संसद में पधारे तीर्थराज प्रयाग उज्जैन हरिद्वार सोमनाथ ऋषिकेश गंगा सागर क्षेत्र अखाड़ों से परम पूज्य महामंडलेश्वरों का धर्मवीर रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने शाल श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर उनका पूजन किया। पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी जी ने धर्म संसद में श्रद्धालुओं को बताया कि आर्यावर्त की भूमि बड़ी पवित्र है भगवान का अवतार धर्म की स्थापना के लिए पापियों के सर्वनाश ब्राह्मणों गाय पृथ्वी संतों के हितार्थ रक्षा हेतु हर युग में होता है। यजमान चंद्रशेखर त्रिपाठी ने बताया कि रुद्र महायज्ञ में प्रातः काल से ही पीठों का पूजन हवन रुद्राभिषेक 1100 ब्राह्मणों के श्री मुख से वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठता है।



### श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से पापों का होता है नाश

शिवराजपुर के दहलान धाम में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथावाचक पंडित निर्मल कुमार शुक्ला प्रयाग धाम वाशिम महाराष्ट्र ने कथा का वाचन किया। कथावाचक श्री शुक्ला जी के मुखारविंद से 15 फरवरी 2026 तक सुनाई जाएगी। कथा का समय दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक रहेगा। उन्होंने भागवत के प्रथम श्लोक से कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि इसमें भगवान को प्रणाम कर उनके स्वभाव और लीलाओं का वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा कि भागवत को समझना भगवान को समझने के समान है और जन्म-जन्मांतर तथा युग-युगांतर में पुण्य के उदय से ही ऐसे अनुष्ठान संभव होते हैं। श्रीमद् भागवत कथा एक अमर कथा है,जिसके श्रवण से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि वेदों का सार युगों से मानव समाज तक पहुंचता रहा है और भागवत पुराण उसी सनातन ज्ञान की पावन धारा है,इसलिए इसे वेदों का सार कहा गया है। कथावाचक ने कहा कि सबसे पहले शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी,जिन्हें सात दिनों में तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था। श्रीमद् भागवत कथा का अमृतपान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। श्री रुद्र महायज्ञ में 18पुराण 18पुराण चारों वेदों का पारण 6 शास्त्र तथा महा मृत्युंजय जाप श्री महा रुद्राभिषेक शिव पार्थिव मूर्ति निर्माण एवं पूजन अनुष्ठान का कार्यक्रम दहलान धाम शिवराजपुर में 4 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक महायज्ञ होगा। विशाल भंडारा एवं प्रसाद ग्रहण सोमवार 16 फरवरी 2026 को होगा। कथा के संयोजक गोविंदा गर्ग ने बताया कि पवित्र तीर्थ दहलान धाम पर आयोजित होने वाले इस महायज्ञ में देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रुद्र महायज्ञ में आने वाले भक्तों के लिए रोजाना भोजन (भंडारा) की व्यवस्था की गई है। मंच का संचालन आशीष बाजपेई ने किया। आज दिवाकर शास्त्री,महापौर योगेश ताम्रकार पं कमलाकर चतुर्वेदी उर्मिला त्रिपाठी गोविंदा गर्ग शैलेन्द्र त्रिपाठी,विनोद पांडे,पवन त्रिपाठी,पीयूष शास्त्री,मोहित त्रिपाठी ऋषिकेश त्रिपाठी,गुड्डा शर्मा,अवनीश शर्मा,सुधीर गर्ग,जुगुल किशोर गौतम,जगन, दीपू शर्मा की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

### अमानगंज-सिमरिया रोड की बदहाली से ग्रामीण परेशान, हादसों का खतरा बढ़ा



**अमानगंज।** अमानगंज-सिमरिया रोड पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के चलते सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उड़ती धूल के गुब्बारों ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। खराब सड़क के कारण कई बार अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढों में फिसलकर गिरने से कई लोगों को चोटें भी आई हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की ओर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की मरम्मत और भारी वाहनों पर नियंत्रण को लेकर वे करीब दस बार संबंधित विभागों और शासन-प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द अमानगंजदृसिमरिया रोड की मरम्मत कराने, गड्ढों को भरने तथा भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और आमजन को राहत मिल सके।

### ध्रुव चरित्रः पांच वर्ष के छोटे बालक ने छः महीने में तपस्या करके भगवान को किया प्राप्त भागवत कथा सुनकर श्रोता हुये भक्तिविभोर



**पन्ना।** बड़ी फील्ड अजयगढ़ पन्ना में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस की कथा में श्रीधाम वृंदावन से आए हुए कथा प्रवक्ता आचार्य नारायण दत्त शास्त्री जी महाराज ने भगवान शंकर सति चरित्र का वर्णन किया वीरभद्र के द्वारा दक्ष यज्ञ का विध्वंस वामन शक्तिपीठ की स्थापना पार्वती जन्म ध्रुव चरित्र पांच वर्ष के छोटे बालक ने छः महीने में तपस्या करके भगवान को प्राप्त किया पुरंजोपाख्यान का वर्णन भक्त प्रह्लाद कि रक्षा के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार धारण किया समुद्र मंथन 14 रत्नों की उत्पत्ति बामन अवतार तीन पग भूमि दान मत्स्य अवतार श्री राम जन्म लीला भगवानराम जैसे आर्दश राज़ा पुत्र पति शिष्य होना दुर्लभ है मानव जीवन में कैसे रहें यह श्री राम से सीखना होगा और क्या करें क्या न करें यह श्री कृष्ण से सीखना चाहिए अंत में श्री कृष्ण जन्म नंदोत्सव बधाई गाकर बहुत सुंदर नंदोत्सव आचार्य जी द्वारा मनाया गया बड़ी संख्या में नगर वासी एवं क्षेत्र वासी इस कथा का रसस्वादन कर रहे हैं कथा के मुख्य यजमान रामप्रताप द्विवेदी जी ने आरती उतार कर समापन किया इस अवसर पर समस्त नगर निवासी उपस्थित रहे।

### अमानगंज में ब्लॉक मुख्यालय कायम हो- डॉ एमपी पांडे

**अमानगंज।** मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ पन्ना के जिला प्रवक्ता डॉक्टर एमपी पांडे ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार को एक सूत्रीय ज्ञापन भेजा है जिसमें उन्होंने अमानगंज क्षेत्र की बहू प्रतिक्षित मांग ब्लॉक मुख्यालय जल्द काम किए जाने का अनुरोध किया है डॉ पांडे के अनुसार इसी वित्तीय वर्ष माह अप्रैल 2026 में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति आदेश जारी किए जाने की मांग की गई है श्री पांडे ने कहा कि अमानगंज में ब्लॉक मुख्यालय बनने से समग्र विकास की रूपरेखा संधारित हो सकेगी। साथ ही लंबे अरसे से रिक्त पड़े विभिन्न विभाग के पदो के स्वीकृति आदेश कायम हो सकेंगे ब्लॉक मुख्यालय स्वीकृति के दायरे में शासकीय भूमि 7 एकड़ सुरक्षित है ऐसी स्थिति में तत्काल प्रभावी आदेश की प्रतीक्षा में आम जनमानस की पुकार को साकार करें राज्य शासन।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर क्या वास्तविकता में अभी भी अंधेरे में रखकर ग्राम सभाओं के प्रस्ताव को किया गया पास, आखिर क्यों? ग्राम की महिलायें कर रही विरोध

केन्द सरकार की महत्वाकांछी नदी जोड़ो परियोजना जो केन बेतवा लिंक परियोजना के नाम से समूचे बुन्देलखण्ड की खुषहाली को लेकर बयां की जाती है

पन्ना।





वहीं इसकी जमीनी हकीकत कानून का पालन कराये जाने को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में है क्योंकि जिन ग्रामीणों की जमीनों व मकानों को विस्थापित करने के लिये सरकार के द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों के माध्यम से प्रक्रिया को अंजाम दिया गया वहीं अब इन पर सवाल खड़े हो रहे है। जहां प्रभावित ग्रामीणों की विषेषतौर पर महिलाओं ने जहां निर्माणाधीन डेम के कार्य को रोके जाने को लेकर तो स्वयं जमीन पर उतरकर विरोध किया। इतना ही नहीं इन ग्रामीणों ने ग्राम सभा की कार्यवाही को लेकर संवाल खड़े हिकये है सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि आखिरकार जब ग्राम सभा की कार्यवाही ग्रामों में हुई थी तो क्या इनके हस्ताक्षर पंचायत के रजिस्टर में दर्ज कराये गये या फिर पंचायत में ग्राम सभा हुई ही नहीं आखिरकार किसने ग्राम सभा का प्रस्ताव दिया कहीं ग्राम पंचायतों की सरपंचों के माध्यम से प्रस्ताव सरकार के जिम्मेदारों ने हासिल तो नहीं कर लिया। पर सवाल आज फिर जवाब मांग रहा है जमीनी स्तर पर जहां आम जनता खुलकर फर्जी ग्राम सभा कराये जाने को लेकर आरोप लगा रही है जिस तरीके से केन बेतवा लिंक परियोजना में फर्जी ग्राम सभाओं का आरोप लगा है सच तो यह है कि समूचे जिले की पंचायतों में यह सिस्टम बन चुका है आखिर हर ग्राम पंचायत में ग्राम सभाओं का पालन वास्तविकता में नहीं कराया जा रहा इसकी पोल भी खुल गई जिसका उदाहरण केन बेतवा लिंक परियोजनासे सामने आया है आखिरकार अंतिम छोर के व्यक्तियों को गांव में ही जहां कानून के द्वारा प्रदत्त अधिकार ग्राम सभाओं में ग्रामों के विकास को लेकर 25 लाख रूपय तक की प्रषासकीय स्वीकृति जारी करने जो अधिकार दिये गये है क्या यह मात्र. फर्जी ग्राम सभाओं के माध्यम से बिना ग्रामों की जनता की जानकारी के होता है। आखिर सरपंच व सचिव जो महज एक ठेकेदार के रूप में बनकर अपने हितों को साधकर पंचायत में ग्राम सभा की कार्यवाही का फर्जी करण किया जा रहा है प्रस्ताव पारित करने को लेकर आखिर क्या समूचे जिले में वास्तविकता में ग्राम सभाओं का पालन कराये जाने को लेकर दायित्व निभायें जायेंगे। सवाल नं0 2 नोडल अधिकारी की भूमिका जो संदिग्ध है क्या इसकी जांच कराई जायेगी ताकि वास्तविकता में ग्राम सभायें हों आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत के ग्रामों में ग्राम विकास की अवधारणा साबित हो सके।

## बुंदेली सिंगिंग प्रतियोगिताः लवकुश नगर में प्रज्ञा ने मारी बाजी, अमानगंज में हर्ष की लहर

**10वर्षीय बेटी जिले का नाम लगातार कर रही रोशन**

अमानगंज।



पन्ना जिले के अमानगंज नगर वार्ड क्रमांक 3 निवासी लक्ष्मीकांत पाराशर की बच्ची एवं डॉ राहुल पाराशर की भतीजी प्रज्ञा पाराशर उम्र 10वर्ष संगीत की दुनिया में लगातार अपनी एक अलग पहचान बना रही है। अमानगंज और पन्ना ही नहीं समूचे बुंदेलखंड में भी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा रही है। बुंदेलखंड के छतरपुर जिला अंतर्गत लवकुश नगर में आयोजित हुई, बुंदेली सिंगिंग स्टार प्रतियोगिता में कई गायकों ने अपनी-अपनी संगीत प्रतिभा का जौहर इस प्रतियोगिता में दिखाया परन्तु इस 10वर्षीय बेटी प्रज्ञा ने अपना संगीत का कमाल दिखाते हुए। क्वार्टर फाइनल में पहला और सेमी फाइनल में पहला स्थान अर्जित करते हुए फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। जहां 6 फरवरी को आयोजित हुए फाइनल मुकाबले में प्रज्ञा ने टॉप 3 स्थान अर्जित करते हुए अपने घर परिवार और नगर सहित समूचे पन्ना जिले का नाम रोशन किया। आपकी इस सफलता पर सारे जिले ही नहीं बल्कि सारे प्रदेश से आपको बधाईयों का तांता लगा हुआ है। आयोजक समिति द्वारा बच्ची को 5100रुपए की नगद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उसका उत्साह वर्धन भी किया है। इस मौके पर पन्ना जिले की कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार ने बच्ची को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जनपद शिक्षा केंद्र में उपकरण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

पन्ना।



राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार शालाओं में अध्ययन समस्त दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए विकासखंड स्तर पर चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर एलिमको टीम जबलपुर एवं स्थानीय विशेषज्ञ डॉक्टर के सहयोग से माह दिसंबर 2025 मैं जनपद शिक्षा केंद्र पन्ना में आयोजित किया गया था। जिसमें दिव्यांग बच्चों को उपकरण हेतु चिन्हित किया गया था। उसी क्रम में चिन्हित दिव्यांग बच्चों को आज दिनांक 7/2/26 को जनपद शिक्षा केंद्र पन्ना में एलिम्को टीम जबलपुर की सहयोग से उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 101 दिव्यांग बच्चे उपस्थित होकर उपकरण प्राप्त किए गए। निम्न उपकरण बच्चों को प्रदान किए गए जिसमें से 25 ट्राई साइकिल ,66 श्रवण यंत्र, 70 रोलेटर 6 बेल किट, 10 कैलीपर एमएस आईडी किट, 20 प्रदाय की गई ।कार्यक्रम का संचालन एवं मुख्य अतिथि श्रीमती डॉक्टर कविता त्रिवेदी बीआरसी के मार्गदर्शन में किया गया साथ ही समस्त बच्चों को भोजन लंच पैकेट एवं 50 की राशि नगद वितरित की गई। कार्यक्रम में कार्यालय का समस्त स्टाफ बीएसी श्री रवि डनायक देवेश शर्मा, मनीष दुबे, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती ज्योति सक्सेना एम आई एस कुलदीप त्रिवेदी ऑपरेटर राधा रैकवार लेखापाल इरफान खान एवं साक्षरता समनवयक विजय मिश्रा एव एम आरसी,श्रीमती आकांक्षा वर्मा रविंद्र पटेल सीएसी, राम नरेश गौतम , इंद्रपाल बागरी, राकेश मिश्रा छात्रावास के वार्डन रामकृष्ण यादव, दीपक रैकवार,और विमला सिंह एवं सलीम खान कार्यक्रम में सहयोग हेतु उपस्थित रहे।



## जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने संकल्प समाजसेवी संस्था द्वारा निकाली बाल विवाह मुक्त रथ का किया समापन

**पंचायतों व गांव में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का प्रयास**

**पन्ना।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय विषेष अभियान के तहत संकल्प समाजसेवी संस्था द्वारा गणतंत्र दिवस की परेड पर बाल विवाह मुक्त प्रचार रथ निकाला गया रथ को हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर द्वारा रवाना किया गया बाल विवाह मुक्त प्रचार रथ बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से मिटाने के लिए एक बडे अभियान के रूप में अजयगड ब्लाक के पंचायतों व गांव में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करता रहा है बाल विवाह न केवल एक कानूनी अपराध है बल्कि यह हमारे बच्चों के भविष्य और उनके स्वास्थ के साथ खिलवाड़ है। इसी उददेष्य को लेकर गांव गांव तक पहुच कर लोगों को जागरूक किया गया इसके साथ ही इस यात्रा का समापन हरदी के स्कूल मे किया गया समापन के द्वौरान बच्चे व स्कूल के षिक्षक एवं सस्था से राजेन्द्र विष्वकर्मा, मनोज सिंह,चंदन द्विवेदी उपस्थित रहे।

## नवीन यू.जी.सी. 2026 जो संपूर्ण सवर्ण समाज व सरकार के बीच अब पड़ रही दरार को लेकर आगे आने वाला भविष्य भाजपा का स्वयं अपने ही जाल में फंसती आ रही नजर

पन्ना।

संपूर्ण सवर्ण समाज नवीन यू.जी.सी. नियम के विरोध में अपने स्वर बुलंद कर चुकी है वहीं माननीय न्यायालय ने भले ही रोक लगाकर कुछ राहत तो इस नियम के लागू होने में विराम को लकर मानीजा रही है पर भाजपा स्वयं के जाल में फसती नजर आ रही है तरह-तरह से जन चर्चायें व्याप्त है आखिरकार जिस तरह से जातिवाद को लेकर राजनीति को अंजाम दिया जा रहा है आने वाले समय में यह जहर भगवान शंकर बनकर कौन पियेगा। क्या सवर्ण भाजपा के मतदाता नहीं आखिरकार जिनके अंदर सुलगती आग आखिरकार भाजपा को कैसे अखसेगी तरह-तरह से हालात जहां राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने हुये है। वर्तमान समय में जहां आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा स्वयं के जाल में फसती नजर आ रही है आखिर नवीन यूजीसी कानून 2026 जो लाया गया इसके लागू होने में भले ही माननीय न्यायालय से रोक लग गई पर भाजपा बुरी फसी आखिर सत्तादारी दल जिसकी सरकार सवर्ण मतदाताओं को ही अपनी पूंजी मानती थी आगे आने वाले समय में विधानसभा चुनावों में सत्ताधारी दल के सवर्ण नेता आखिरकार किस पाली में नजर आयेंगे क्या जातिवाद की राजनीति को लेकर जो यह जहर घोला जा रहा है इसका परिणाम क्या होगा। क्या सवर्ण नेताओं को भाजपा मैदान में उतारेगी या फिर इनसे परहेज करेगी। दूसरा सवाल जिन सवर्ण नेताओं ने भाजपा का दामन थाम रखा है इनको सवर्ण मतदाता क्या अपनी पसंद बनाये रखेंगे वहीं आने वाले समय में जहां ओबीसी, एससी, एसटी जो सभी जातियां मिलकर इस कानून के लागू होने से स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रही है वहीं ओबीसी व एससी में क्या एसटी सभी के मापदण्ड से भाजपा प्रत्याषी लायेगी आखिरकार पहले तो भाजपा पार्टी ने अपने पूर्व वरिष्ठ नेताओं को किनारे किया अब अपने मतदाताओं को भीर किनारे करने का कार्य जो किया जा रहा है आखिर भाजपा बुरी फसी। देखना यह है कि वासतविकता में कांग्रेस की विचारधारा की एससी, एसटी जो मतदाता कहलाते थे क्या भाजपा को पसंद करेंगे वहीं ओबीसी जो समाजवादी पार्टी को पहली पसंद मानते थे सामने आने वाले समय में उत्तर प्रदेष विधानसभा चुनावों से ही इसकी पोल खुलेगी। भाजपा के हांथ ओबीसी आयेगा या कि समाजवादी में जायेगा। ब्राम्हण बाहुल्य प्रदेष राजनीति को लेरक जहां उत्तर प्रदेष जो माना जाता है आखिर ब्राम्हण क्या भाजपा में अपना हित साध पायेंगे जहां सवर्ण समाज की साख पर प्रष्नचिन्ह भाजपा ने नवीन यूजीसी कानून लाकर जो हालात पैदा कर दिये बुद्धजीवियों का कहना भाजपा बुरी फसी। अपने ही जाल में कैसे इसके परिणाम को लेकर तय होंगे हालात यह तो वर्तमान से लेकर भविष्य तक आने वाले विधानसभा चुनावों में अब सवर्ण नेताओं का भविष्य भी जहां भाजपा की पसंद बनता है कि नहीं यह वक्त ही तय करेगा।

# दक्षिण पन्ना वन विभाग ने कल्दा पठार के हीरे का किया सम्मान

कल्दा

**पठार क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी राघवेन्द्र आदिवासी ने कठिन परिस्थिति के बावजूद की सफलता हासिल सीआरपीएफ में हुआ चयन क्षेत्र का नाम किया रोषन आज इस हीरे की चमक को ध्यान में रखकर जहां सम्मान से नवाजा गया।**





पन्ना जिले के कल्दा पठार क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी रावेन्द्र आदिवासी ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषितै ब ळक परीक्षा परिणाम में उनका चयन ब्त्च्थ् में हुआ है। शिक्षा के मामले में पिछड़े माने जाने वाले इस क्षेत्र तथा भूमिया जनजाति के बीच यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है। आर्थिक तंगी से जूझते हुए श्रीचंद आदिवासी के पुत्र रावेन्द्र ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया, और वे संभवतः कल्दा पठार की भूमिया जनजाति से सरकारी सेवा में चयनित होने वाले पहले युवा बने हैं। इस उपलब्धि पर वनरक्षक वीरेन्द्र पटेल, वनरक्षक आशुतोष मिश्रा, ग्राम वन समिति सलैया समारी के अध्यक्ष सत्यपाल यादव एवं वेदनारायण यादव द्वारा रावेन्द्र और उनके पिता का पुष्पमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। चर्चा के दौरान रावेन्द्र ने बताया कि उन्होंने अपनी पूरी पढ़ाई गांव में रहकर ऑनलाइन माध्यम से की और शारीरिक परीक्षा की तैयारी भी स्वयं के प्रयासों से गांव में ही की। उन्होंने अपनी सफलता में शिक्षक विज्ञानी पटेल एवं मित्र मलखान द्वारा समय समय पर मिली सहायता को भी महत्वपूर्ण बताया। इसके साथ ही ग्राम वन समिति जुर्सिंहा अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला जुर्सिंहा में विद्यार्थियों और समिति सदस्यों के बीच आयोजित कार्यक्रम में रावेन्द्र ने शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संवाद किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने गांव के सरकारी स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल बिसानी से शिक्षा प्राप्त की तथा सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य तय कर निरंतर प्रयास जारी रखा। उनके अनुभवों से प्रेरित होकर विद्यार्थियों ने नियमित अध्ययन का संकल्प लिया, वहीं समिति सदस्यों ने भी क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। वन विभाग के अधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे प्रेरक उदाहरण समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा दिखाते हैं। रावेन्द्र की सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि कल्दा पठार जैसे दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं के लिए शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने का सशक्त संदेश भी है।




## श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस सुदामा चरित्र ने भिगोए श्रद्धालुओं के नयन

पन्ना।

जगत जननी मातेश्वरी मां कलेही की पावन-पवित्र धार्मिक नगरी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के छठवें दिवस भक्ति,करुणा और निष्काम प्रेम की अविरल धारा प्रवाहित हुई इस अवसर पर श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र,राजा नृग की कथा, गौदान का महत्व तथा युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ जैसे प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण एवं अलौकिक वर्णन किया गया यह धार्मिक आयोजन रिटायर्ड शिक्षक नागेंद्र श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी श्रीवास्तव,शिक्षक तथा समस्त श्रीवास्तव परिवार के संयोजन में सात बगले निज निवास परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो रहा है शिवधाम पवई से पधारे ख्यातिलब्ध भागवताचार्य पं. श्री रमेश कृष्ण शास्त्री महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर सुदामा चरित्र तक का सजीव चित्रण किया,जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे कथा के दौरान पंडाल बार-बार "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा भागवताचार्य ने राजा नृग की कथा के माध्यम से दान,कर्मफल और प्रभु कृपा का गूढ़ संदेश देते हुए बताया कि दान सद्भाव और विवेक के साथ होना चाहिए सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रसंग श्रीकृष्ण और सुदामा के निष्काम मित्रत्व का जीवंत उदाहरण है,जहां प्रभु ने निर्धन सुदामा को गले लगाकर यह सिद्ध कर दिया कि भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं, धन के नहीं उन्होंने गौदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत में गौदान को सर्वोच्च दान माना गया है, जो मानव जीवन को पुण्य और मोक्ष की ओर ले जाता है वहीं युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण को अग्र पूजा प्रदान की गई,जो उनके सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि स्वरूप को दर्शाता है भागवताचार्य पं. श्री रमेश कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन में मानसिक शांति,आत्मिक शुद्धि और सदाचार का संचार करता है यह कथा भयमुक्त होकर प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और अंततः मोक्ष का द्वार खोलती है कथा के दौरान प्रतिदिन भगवान की आकषर्क झांकियां प्रस्तुत की जा रही जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनीं हुई है।

खबर संक्षेप

## तालाब में गिरे नंदी बैल को 2 घंटे की मशक्कत के बाद लोगों ने बचाया



**छतरपुर।** शहर के ग्वाल मंगल तालाब में एक नंदी बैल के गिरने की घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। करीब 15 से 18 घंटे तक तालाब में फंसे रहने के बाद मोहल्ले के निवासियों और राहगीरों ने स्थानीय स्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाकर बैल की जान बचाई। हैरत की बात यह है कि पूरे घटनाक्रम के दौरान नगर पालिका पूरी तरह अनुपस्थित रही। न तो कोई जेसीबी मशीन भेजी गई और न ही कोई आधिकारिक रेस्क्यू टीम या संसाधन मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार नंदी बैल शुक्रवार शाम को तालाब में गिर गया था और पूरी रात ठंड व कमजोरी के कारण फंसा रहा। उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी। शनिवार को जब लोगों को इसकी सूचना मिली, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। देसी जुगाड़ और सीमित संसाधनों के सहारे करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बैल को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। एक समय तो ऐसा लगा कि बैल की मौत हो जाएगी।

## पूर्व प्राचार्य भगवान दास शुक्ला का निधन



**छतरपुर।** छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकार शिवेंद्र शुक्ला के पूज्य पिता श्री एवं पूर्व प्राचार्य श्री भगवान दास शुक्ला का शनिवार की सुबह 11 बजे 74 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। वे विगत एक वर्ष से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार महोबा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। श्री शुक्ला एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षाविद् रहे जिन्होंने विद्या भारती के अंतर्गत संचालित होने वाले सरस्वती विद्या मंदिरों में अनेक वर्षों तक अनेक जिलों में सेवाएं दी। वर्तमान में वे नौगांव रोड स्थित पेप्टेक टाउन स्थित निवास में अपने पुत्र और परिवार के साथ निवास कर रहे थे।

# बुंदेलखंड गौशाला में 84 एकड़ भूमि होने के बाद भी गौशाला में गौवंश पॉलिथीन खाकर मर रहे, पीएम रिपोर्ट में हुई थी पुष्टि

**छतरपुर।** बुंदेलखंड गौशाला मऊसहानियां पिछले कुछ दिनों से चर्चाओं में इसलिए आ गई क्योंकि वहां पर कुछ गौवंश और जंगली सियार, कुत्तों की मौत हुई थी। इस पर बुंदेलखंड गौशाला के अध्यक्ष संजू पाठक पर आरोप लगे थे कि उनके द्वारा गौवंश को भूखा रखा गया और जंगली जानवर कुत्ते सियार को जहर देकर मारा गया। यह खबर सुर्खियों में आने के बाद कलेक्टर ने उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं अशोक जैसवानी को जांच के लिए भेजा था।

अशोक जैसवानी ने जाचं रिपोर्ट अकेले प्रशासन को दी थी लेकिन इसके बाद जब गांव के सैकड़ो लोग जनसुनवाई में कलेक्टर के पास पहुंचे और खुलेआम आरोप लगाए कि भूख से गौवंश की मौत हुई और जहर देकर 70,80 कुत्ते, सियार मार दिए गए। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की थी। कार्यवाही न होने पर आंदोलन की



भी चेतावनी दी गई थी। जिस पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने ज्ञापन की जांच के लिए 4 सदस्यीय जांच दल गठित किया गया। इस जांच दल ने शनिवार को बुंदेलखंड गौशाला मऊसहानिया पहुंचकर जांच की। जांच दल में एसडीएम नौगावं गोपाल शरण पटेल, उपसंचालक कृषि डॉ अनिल मिश्रा, उपसंचालक पशु डॉ अशोक जैसवानी और कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव वा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नौगांव को शामिल किया गया था। ज्ञापन में जो आरोप लगाया था कि 84 एकड़ भूमि होने के बाद भी गौशाला में गौवंश के खाने की पर्याप्त व्यवस्था



नही है। जांच दल ने गौशाला में पहुंचकर रिकार्ड में दर्ज पशुओं की संख्या का मिलान किया और मृत पशुओं के मृत्यू के कारणों की जांच पड़ताल की तथा गौशाला का रिकार्ड भी तलब किया। यह जांच भी 2 दिन तक चलेगी। जांच टीम के लीडर एसडीएम नौगांव गोपाल शरण पटेल ने बताया कि गौशाला में 839 नग गौवंश पाया गया है। वहां का रिकार्ड मांगा गया कैशबुक मिली नहीं है। कुछ रिकार्ड गौशाला के अध्यक्ष संजू पाठक द्वारा सौंपा गया है और कुछ रिकार्ड एक दो दिन में उपलब्ध कराने की बात कही गई है। जांच टीम ने मौके पर पाया कि जो भूमि गौशाला के पास है उसमें से कुछ भूमि पर फसल बोई गई है। एसडीएम ने यह भी बताया कि पिछले दो तीन साल के रिकार्ड की जांच की जा रही है कि बुंदेलखंड गौशाला को कितना अनुदान प्राप्त हुआ। प्राईवेट तौर पर दानदाताओं से कितनी राशि मिली और गौशाला की कृषि भूमि से कितनी आमदनी हुई इसके अलावा गौवंश के भरण पोषण में कितनी राशि खर्च हुई आदि। मुद्दो को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। अभी जांच दो तीन दिन तक चलेगी, जांच पूरी होते ही रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएंगी। कुछ लोगों के बयान दर्ज किए जाना है बयान दर्ज होने के बाद स्थिति और भी स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन उन्होंने प्रारंभिक तौर पर स्वीकार किया कि बुंदेलखंड गौशाला मऊसहानिया में अव्यवस्थाएं जरूर है।

### 84 एकड़ भूमि में करीब 50 एकड़ की उपज को बाजार में बेचने के अलावा, शासकीय अनुदान और प्राइवेट दानदाताओं के अनुदान को भी डकार गए

बताया जा रहा कि बुंदेलखंड गौशाला में 84 एकड़ भूमि गोवंश के लिए है। फिर भी यहां गोवंश पॉलिथीन खाकर मर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि करीब 50 एकड़ की भूमि में उपज बोई जाती है जो मार्केट में बेंची जाती है। शासकीय अनुदान के अलावा प्राइवेट अन्नदाताओं की राशि को भी ठिकाने लगाने में पीछे नही रहते संजू पाठक गौशाला अध्यक्ष, जो की जांच का विषय है। गौशाला समिति अध्यक्ष संजू पाठक के खिलाफ प्रशासन द्वारा कब कराया जाएगा मामला पंजीबद्ध। करीब 15 दिन पूर्व जब गौवंश की मौत हुई तो पशु चिकित्सा अधिकारी ने उनका पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के दौरान गौवंश के पेट में पालीथिन का भण्डार पाया गया। अब जांच का विषय यह है कि जब बुंदेलखंड गौशाला का गौवंश बाहर विचरण के लिए नही जाता है और गौशाला प्रांगड के अंदर ही गौवंश विचरण करता है तो गौवंश के पेट में पालीथिन का भण्डार कहां से मिला। इतनी भारी मात्रा में पालीथिन गौशाला एरिया में कहा से आई आदि। सभी बिन्दु जांच में शामिल किए जाने चाहिए तब कहीं सच्चाई सामने आएगी अन्यथा जांच के नाम पर हमेशा की तरह खानापूर्ति कर दी जाएंगी।

## नालियों पर किए गए अतिक्रमण हटाए, मांस-मछली की दुकानों को निर्धारित स्थान पर लगाने के निर्देश



### अतिक्रमण के खिलाफ बिजावर नगरीय प्रशासन व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

बिजावर।

**नगर में बढ़ते अतिक्रमण और अव्यवस्थित ढंग से लग रही दुकानों को लेकर शनिवार को नगरीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान मुख्य मार्गों और नालियों पर अवैध कब्जे को हटाया गया, जिससे यातायात की सुगमता और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ।**

नगर परिषद की टीम ने उन स्थानों पर विशेष फोकस किया जहां दुकानदारों ने नालियों पर सामान रखकर या टपरे बनाकर अतिक्रमण किया हुआ था। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमण को तत्काल हटवाया। दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में नालियों या सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा न किया जाए। विशेष रूप से खुले में लग रही मांस-मछली की दुकानों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। प्रशासन ने ऐसे दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल निर्धारित स्थान पर ही अपनी दुकानें संचालित करें, ताकि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके।

## पुलिस वाहन चालकों के लिये नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



छतरपुर।

**पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन के निर्देशानुसार वाहन चालकों की दृष्टि संबंधी स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने हेतु निरंतर नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।**

इसी क्रम में पूर्व में आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित बस, ऑटो, ई-रिक्शा, चार पहिया, दो पहिया एवं डायल-112 वाहनों के चालकों का नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया गया था।

आज पुलिस अस्पताल, पुलिस लाइन छतरपुर में पुलिस चालकों के लिए विशेष नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की व्यवस्थापक रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र छतरपुर पूर्णिमा मिश्रा रहीं। शिविर में जिले के विभिन्न थानों, कार्यालयों एवं वाहन शाखा से आए पुलिस वाहन चालकों का नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक उपकरणों के माध्यम से नेत्र परीक्षण किया गया।

## बागेश्वर धाम में 7 वें सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव के लिए विधायक का प्रचार अभियान जारी

**15 फरवरी को आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रचार अभियान**

छतरपुर।

बागेश्वर धाम पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित होने जा रहे 7वें सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव में 300 निर्धन, गरीब और असहाय कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इस पुनीत आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजनगर विधायक श्री अरविंद पटेरिया विशेष प्रचार अभियान चला रहे हैं।



विधायक श्री पटेरिया के नेतृत्व में प्रचार वाहन के माध्यम से उनके विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे छतरपुर जिले के नगरों और गाँवों में घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। यह प्रचार वाहन प्रतिदिन कई किलोमीटर की यात्रा कर गाँवों और कस्बों की गलियों में पहुँच रहा है और जन-जन तक कन्या विवाह महोत्सव का संदेश पहुँचा रहा है। 15 फरवरी को आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रचार अभियान के अंतर्गत लोगों को पीले चावल वितरित कर सादर निमंत्रण दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस ऐतिहासिक आयोजन में सम्मिलित होकर नवदंपतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर सकें। बागेश्वर धाम सरकार द्वारा आयोजित इस महोत्सव में नेपाल सहित देश के कई राज्यों की बेटियाँ शामिल होंगी। यह आयोजन सामाजिक समानता और गरीब कन्याओं के उत्थान का प्रतीक बन रहा है। विधायक श्री अरविंद पटेरिया ने सभी से अपील की है कि इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और बेटियों के मंगलमय जीवन के लिए आशीर्वाद दें।

## पुलिस ने 8 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** माह अक्टूबर वर्ष 2025 में लोक सेवक का रास्ता रोककर शासकीय कार्य में बाधा संबंधी रिपोर्ट पर थाना बड़ामलहरा में भारतीय न्याय संहिता की समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपी की विभिन्न स्थानों में तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 8000 के इनाम की उद्घोषणा की गई थी।

पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना को अंजाम देने वाले 8000 के इनामी आरोपी आशुतोष पाठक पिता अनंत राम पाठक निवासी वार्ड क्रमांक 15 बड़ा मलहरा को थाना गुलगंज क्षेत्र अंतर्गत जंगल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बड़ा मलहरा निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला, प्रधान आरक्षक सरमन अहिरवार, आरक्षक निशांत, मलखान एवं टीम की भूमिका रही।

## स्टाफ नर्स ने 16 हजार में किया अविवाहित लड़की का गर्भपात

**जांच में दोषी पाई गई लेकिन कार्रवाई फाइल दबा दी गई**

छतरपुर।

जिले के बड़ामलहरा सिविल अस्पताल में एक संविदा स्टाफ नर्स द्वारा अविवाहित लड़की का अवैध गर्भपात कराने का गंभीर मामला सामने आया है। जांच कमेटी ने नर्स को दोषी करार दिया, लेकिन जॉइंट डायरेक्टर सागर कार्यालय ने कार्रवाई की फाइल को दबाकर रख दिया है। शिकायतकर्ता ने अब कड़ी कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा उच्च स्तर पर शिकायत करने की चेतावनी दी है।

मई 2025 में टीकमगढ़ जिले की एक अविवाहित लड़की ने बड़ामलहरा अस्पताल में संविदा नर्सिंग ऑफिसर प्रीतू दुबे से संपर्क किया। प्रीतू दुबे ने 16 हजार रुपये लेकर लड़की का गर्भपात कराया। प्रक्रिया के दौरान लड़की की



हालत बिगड़ गई, तो उसे फर्जी साइन के साथ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उसे झांसी और फिर ग्वालियर अस्पताल ले जाया, जहां बच्चेदानी फटने की पुष्टि हुई और सर्जरी करनी पड़ी। लड़की 28 मई से 6 जून तक भर्ती रही। अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी। शिकायतकर्ता रामकुमार कुशवाहा ने इस मामले में मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, महिला आयोग और मानव अधिकार आयोग में शिकायत दर्ज की। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल के निर्देश पर जेडी सागर ने जांच के आदेश दिए। सीएमएचओ के माध्यम से डॉ. एस. प्रजापति, डॉ. सुरेखा खरे और कपिल डावर की टीम ने जांच की। जांच में प्रमुख तथ्य सामने आए जिनमें प्रीतू दुबे ने 16 हजार रुपये लेकर गर्भपात कराया और पैरामेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट (एमपीटी एक्ट), 1971 का उल्लंघन किया। प्रीतू ने जांच में झूठा बयान दिया कि उसने कोई इलाज या पैसा नहीं लिया। साथी नर्स यामिनी भारती ने बताया कि प्रीतू ने मरीज को मैनेज किया और रेफर किया, लेकिन डॉ. राकेश शुक्ला को सूचना नहीं दी। रेफर स्लिप पर डॉ. हरगोविंद राजपूत के फर्जी साइन किए गए, जिन्होंने इससे इनकार किया। जिला अस्पताल की डॉ. साक्षी गंगले ने बताया कि परिजनों ने प्रीतू द्वारा बच्चेदानी सफाई का जिक्र किया। सुमन हेल्प डेस्क कर्मचारी राजाराम के साथ ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, जिसमें प्रीतू द्वारा पैसे लेकर गर्भपात का उल्लेख है। पीड़िता ने लिखित बयान में 16 हजार रुपये के लेन-देन और गर्भपात की पुष्टि की। जांच पूरी होने के दो माह बाद भी जेडी सागर कार्यालय ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। कार्रवाई की फाइल नर्सिंग शाखा प्रभारी के पास दबी पड़ी है। शिकायतकर्ता रामकुमार कुशवाहा ने कहा, यदि जेडी ऑफिस एमपीटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज नहीं कराता, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी। सीएमएचओ ने मानव अधिकार आयोग और महिला आयोग को जांच प्रतिवेदन कलेक्टर के माध्यम से भेज दिया है। प्रीतू दुबे के खिलाफ पहले भी लापरवाही की शिकायतें आ चुकी हैं।

## मुस्लिम युवक पर नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप परिजनों ने एसपी से की शिकायत



**छतरपुर।** छतरपुर जिले में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक परिवार ने आरोप लगाया है कि एक मुस्लिम युवक ने उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर घर से भगा लिया है। शनिवार शाम करीब 4 बजे परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और त्वरित कार्रवाई की मांग की।

परिवार के आवेदन के अनुसार, घटना 1 फरवरी 2026 को किशनगढ़ थाना क्षेत्र में हुई। आरोपी साहिल खान जो वर्तमान में बिजावर में रहता है ने अपने एक साथी के साथ मिलकर नाबालिग किशोरी को घर से ले गया। परिजनों का दावा है कि घटना से पहले आरोपी ने फोन पर धमकियां दी थीं, जिसकी जानकारी उन्होंने पहले ही पुलिस को दे दी थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

परिजनों ने बताया कि वे बार-बार थाने गए, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने एसपी से बच्ची की सुरक्षित बरामदगी, आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पुलिस की लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की मांग की है। परिवार को आशंका है कि किशोरी अभी भी आरोपियों के संपर्क में है और उसकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। उधर इस मामले में विश्व हिंदू संगठन के सदस्य भी एसपी कार्यालय पहुंचे और परिवार के साथ खड़े दिखे। संगठन ने मामले को गंभीर बताते हुए पुलिस से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

## जमीनी विवादों के निराकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित

**थाना पुलिस एवं राजस्व दल द्वारा संयुक्त रूप से सुनी गईं समस्याएं**



**छतरपुर।** क्षेत्र में जमीनी विवादों की शिकायतों के त्वरित निपटारे हेतु जिला छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशानुसार छतरपुर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा जमीनी विवादों के समाधान हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में छतरपुर मुख्यालय अंतर्गत तीनों थाना कोतवाली, सिविल लाइन एवं ओरछा रोड संबंधी प्रकरणों का थाना ओरछा रोड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पीयूष दीक्षित, नायब तहसीलदार आस्था चौबे, नायब तहसीलदार रितु सिंघई, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव एवं राजस्व निरीक्षक तथा क्षेत्र के विभिन्न हल्का पटवारी, सरपंच उपस्थित रहे।

शिविर में क्षेत्र वासियों ने पहुँचकर अपनी भूमि एवं प्लाट संबंधी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त टीम ने 50 से अधिक प्रकरणों में 200 से अधिक उपस्थित व्यक्तियों की कृषि भूमि, प्लाट, आपसी बंटवारे, सीमांकन जैसी समस्या की सुनवाई की एवं काफी प्रकरणों का निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों में निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**हिंदी के प्रचार-प्रसार और जीवन मूल्यों की शिक्षा पर जोर**

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में जिला स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**छतरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय छतरपुर में आज नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में समिति सदस्यों के लिए जिला स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार को बढ़ावा देना तथा हिंदी के महत्व को प्रतिपादित करना था।



प्रतियोगिता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति से जुड़े लगभग 18 विभिन्न कार्यालयों के करीब 20 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें भारतीय स्टेट बैंक, केन बेतवा लिंक परियोजना, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पंजाब एंड सिंध बैंक, डाकघर विभाग सहित अन्य प्रमुख संस्थान शामिल थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मनीष रूसिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरिश्चंद्र दुबे और जिले की प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती विनीता गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों का हरित स्वागत कर की गई। इसके बाद विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री अभिषेक जायसवाल ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

निर्णय का दायित्व हरिश्चंद्र दुबे और विनीता गुप्ता ने निभाया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 10 मिनट की समय सीमा में अनेक सुंदर कहानियां सुनाईं। ये कहानियां सामाजिक लोक परंपराओं, नैतिक मूल्यों, जीवनपरक संदेशों और समसामयिक चिंतनों से ओतप्रोत थीं। मूल्यांकन विषयवस्तु, संवाद प्रस्तुति, भाव-भंगिमा, कहानी का उद्देश्य तथा समसामयिक संबंधों के आधार पर किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लोकेश अग्निहोत्री, द्वितीय स्थान पर लोकेंद्र महावर एवं तृतीय स्थान पर श्रीमती प्रिया जैन रहीं। विजेताओं को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की आगामी बैठक में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय छतरपुर द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र दुबे ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए कहा, कहानी अंतर्मन से निकलने वाली सहज अभिव्यक्ति का नाम है। जितनी सहज भावना में इसे व्यक्त किया जाए, उतनी ही यह प्रभावशाली होती है। उन्होंने कहानी को जीवन के मूल्यों से जोडऩे पर बल दिया। श्रीमती विनीता गुप्ता ने अपनी स्वरचित कविता चांद एवं सूरज का संवाद प्रस्तुत की, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि कहानी मनुष्य को स्वयं से जोड़ती है। उन्होंने प्राचार्य मनीष रूसिया के विद्यालय विकास, आधारभूत संरचना नवीनीकरण और विद्यार्थियों के कौशल विकास में किए गए प्रयासों की सराहना की।

प्राचार्य मनीष रूसिया ने कहा, कहानी केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अपने बचपन की मां से सुनी कहानियों की यादें साझा कीं और बताया कि कहानियां जीवन भर मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सीमा शर्मा ने किया।

## खबर संक्षेप



### नगर निगम में राजस्व व जलकर वसूली को लेकर सख्ती, प्रतिदिन 40 लाख का लक्ष्य तय

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने राजस्व एवं जलकर वसूली को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बकाया करों की वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से सरकारी विभागों पर बकाया जलकर की राशि की वसूली पर फोकस करते हुए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।निगम आयुक्त ने कहा कि सरकारी विभागों के जलकर कनेक्शनों एवं बड़े बकायादारों की पहचान कर उनके लिए अलग-अलग कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके साथ ही सोमवार से विशेष शिविर (कैम्प) लगाकर जलकर एवं अन्य राजस्व मदों के बकाया की वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वार्ड प्रभारी प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाएं और प्रतिदिन कम से कम 40 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य हासिल करें, ताकि निर्धारित समय-सीमा में निगम का राजस्व लक्ष्य पूरा किया जा सके।बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिन उपभोक्ताओं पर 20 हजार रुपये से अधिक का बकाया है, उन्हें तत्काल कुर्की की नोटिस जारी की जाए। निगम आयुक्त ने कहा कि जो बकायादार निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं करते हैं, उनके विरुद्ध तालाबंदी एवं कुर्की की कार्रवाई की जाए। डॉ. सोनवणे ने सोमवार से जोनवार रोस्टर तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि एक दिन पूर्व बकायादारों की सूची तैयार की जाए और आगामी मार्च माह तक प्रतिदिन अलग-अलग दल गठित कर अभियान के रूप में कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि राजस्व वसूली निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त सुश्री शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी सहित सभी वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### अज्ञात व्यक्तियों ने दो युवकों पर किया हमला

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते पांच अज्ञात हमलावरों ने एक राय होकर दो युवकों के साथ गाली-गलौज की और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना शुक्रवार रात को हुई। जानकारी के अनुसार पीड़ित सोनू चौधरी 20 वर्ष निवासी झुकेही अपने साथी माधव पाण्डेय के साथ ट्रांसपोर्ट नगर के पास मौजूद था। तभी पांच अज्ञात युवक वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमलावरों ने जान से मारने की नियत से उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में से एक युवक ने लोहे की रॉड से सोनू के सिर और बाएं कंधे पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। गिरने के बाद भी पांचों आरोपी उसे लात-घूंसों से पीटते रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हमले में सोनू चौधरी के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि माधव पाण्डेय को भी चोटें पहुंची हैं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**शादी का पहला कार्ड मंदिर चढ़ाने जा रहा था परिवार, भीषण हादसे ने खुशियां मातम में बदलीं**

# तेज रफ्तार ऑडी कार ने बाइक को मारी टक्कर, महिला सहित तीन की मौत

रीवा

रीवा—मनगवां हाईवे पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत कोष्टा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ऑडी कार ने पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार हवा में उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑडी कार और बाइक दोनों रीवा से मनगवां की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही ऑडी कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घटना की सूचना मिलते ही रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस सहित आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल किया। पुलिस द्वारा ऑडी कार चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और मामले की जांच जारी है।भगवान को देने जा रहे थे शादी का पहला कार्डघटना की शुरुआती जांच में मृतकों में शामिल महिला की पहचान रीवा के रतहरा निवासी शीतल विश्वकर्मा, चचाई निवासी भागवत विश्वकर्मा और शिवम विश्वकर्मा के रूप में की गई है, बताया जा रहा है कि मृतकों में शामिल भागवत विश्वकर्मा के पुत्र शुभम विश्वकर्मा का 25 फरवरी को विवाह होना था, जिसके चलते भागवत आज पुत्र की शादी का पहला कार्ड भगवान को चढ़ाने के लिए चिरहुला मंदिर जा रहे थे। एयरबैग ने बचाई कार सवारों की जानबताया जा रहा है यह तेज रफ्तार कार प्रयागराज से रीवा आ रही थी, हादसे में कार में बैठे चारों युवक सुरक्षित बच गए हैं। टक्कर लगते ही कार के एयरबैग खुल गए, जिससे उन्हें चोट नहीं आई। इस हादसे से गुस्साए लोगों ने रीवा-प्रयागराज सड़क पर एक घंटे तक जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया और हंगामा शांत कराया।

## शादी से लौट रहे युवक की मौत, रीवा सिरमौर मार्ग पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

रीवा।

**जिले में शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रीवा–सिरमौर मार्ग पर सगरा थाना क्षेत्र के ग्राम लौआ के समीप उस समय हुआ, जब शादी समारोह से लौट रही एक कार की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चालक कार में बुरी तरह फंस गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदा निवासी शिव प्रताप सिंह के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि शिव प्रताप सिंह बीती रात एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शनिवार दोपहर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही उसकी कार सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लौआ के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से उसकी कार की आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे युवक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। हालांकि अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार व ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और आमने-सामने की टक्कर को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस द्वारा सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।वही युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए किसानों की सहमति से जमीन की जाएगी अधिग्रहीत

### उप मुख्यमंत्री ने गुरूकुल विद्यालय से खैरा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरूकुल विद्यालय से खैरा तक सड़क के चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सड़क रीवा एयरपोर्ट को सिलपरा-बेला रिंग रोड से जोड़ेगी। सड़क चौड़ीकरण में आने वाली जमीनों के लिए चोरहटा, रघुनाथपुर व खैरा गांव के किसानों ने अपनी सहमति दी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे को जोड़ने वाली सड़क के बन जाने से किसानों की शेष जमीनों का भी मूल्य बढ़ेगा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में किसानों ने कहा कि हम सब रीवा के विकास में उप मुख्यमंत्री जी के साथ हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसी सहमति से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया कम से कम समय में पूरी हो जाएगी और किसानों को उनकी अधिग्रहीत जमीन का उचित मुआवजा भी शीघ्र मिल जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर अतिशीघ्र प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए। शुक्ल ने कहा कि सिलपरा-बेला रिंग रोड निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। आगामी अप्रैल माह में इसका लोकार्पण हो जाएगा। रिंग रोड के लोकार्पण से पूर्व ही गुरूकुल से खैरा होकर बनने वाली सड़क का चौड़ीकरण कार्य भी पूरा करा लिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि 9 एवं 10 फरवरी को शिविर आयोजित कर किसानों से सहमति पत्र लेकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं ताकि शीघ्र ही जमीन का अधिग्रहण किया जाकर नियत समय में चौड़ीकरण कार्य किया जा सके। बैठक में ढेकहा तिराहा के चौड़ीकरण तथा एयरपोर्ट विस्तार कार्य पर भी चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के उत्तरी छोर में निर्माणाधीन चोरहटा-रतहरा बायपास के सिक्स लेन चौड़ीकरण मार्ग की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रीवा का संभागीय मुख्यालय प्रदेश का पहला संभागीय मुख्यालय होगा जहाँ आगामी माह में शहर के चारों तरफ बायपास या रिंगरोड का निर्माण हो जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा संबंधित गांवों के किसान उपस्थित रहे।

## ओवरटेक के प्रयास में दो कारों की आमने-सामने टक्कर, 8 लोग बाल-बाल बचे

रीवा।




रीवा-गोविंदगढ़ मुख्य मार्ग पर शनिवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमिलकी के समीप तेज रफ्तार में ओवरटेक करने के प्रयास में दो कारों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारों में सवार कुल आठ लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं, जबकि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों कारें तेज गति से चल रही थीं। इसी दौरान एक कार चालक द्वारा आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया गया, तभी सामने से आ रही दूसरी कार से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारों के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्काल घायलों को कार से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों कारों में चार-चार लोग सवार थे। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई बड़ा वाहन मौके पर नहीं था, अन्यथा घटना और भी गंभीर रूप ले सकती थी।सूचना मिलने पर गोविंदगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से ओवरटेक करना बताया जा रहा है।

## हनुमना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी कर रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊगंज** जिले के हनुमनाथाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े के कुशल नेतृत्व में पुलिस स्टाफ द्वारा अवैध शराब की तस्करी कर रहे आरोपी विजय कोल को गिरफ्तार किया गया।घटना के बारे मे बताया गया किदिनांक 05.02.2026 को भ्रमण गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विजय कुमार कोल, निवासी अगरही, अपने निर्माणाधीन घर के सामने रोड के किनारे अत्यधिक मात्रा में देशी शराब रखा है एवं ग्राहकों की तलाश कर रहा है। यदि तत्काल कार्यवाही की जाती है तो भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी जा सकती है।मुखबिर सूचना विश्वसनीय होने से तत्काल रेड कार्यवाही की जाकर विजय कुमार कोल, निवासी अगरही को 07 खाकी रंग के कार्टून के साथ पकड़ा गया। गवाहों के समक्ष कार्टून में रखी देशी प्लेन शराब की गणना की गई तो कुल 315 पाव (कुल 56.700 लीटर) देशी मदिरा प्लेन शराब पाई गई, जिसकी कुल कीमत 23,625/- रुपये आंकी गई।आरोपी



से पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर जुर्म दर्ज कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गयाइस कार्यवाई मे थाना प्रभारी हनुमना निरीक्षक अनिल काकड़े, सउनि तीरथ प्रसाद, आर. विवेक यादव, आर. मुकेश यादव, आर. विवेकानंद यादव, आर. संजय यादव, आर. मनीष पाण्डेय थाना हनुमना की सराहनीय भूमिका रही।

**मऊगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के सभी चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया**

## मऊगंज में आठवीं की छात्रा से गैंगरेप करने वाले चारों दरिंदे किये गए गिरफ्तार

मऊगंज

आठवीं की छात्रा के साथ हुई रूह कंपा देने वाली गैंगरेप की वारदात से प्रशासन में हड़कंप मच गया। परिणाम स्वरूप, मऊगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के सभी चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।बीती 5 फरवरी को सुबह 10:30 बजे जब मासूम छात्रा अपनी सहेली के साथ प्री-बोर्ड परीक्षा देने जा रही थी, तब दो बाइकों पर सवार चार दरिंदों ने उसे अगवा कर लिया था। निविहा के जंगल




में ले जाकर इन आरोपियों ने छात्रा को जबरन शराब पिलाई और फिर बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। शाम को पीड़िता जंगल में बेसुध हालत में मिली थी पुलिस ने चारों आरोपियों को अलग-अलग क्षेत्रों से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। सलाखों के पीछे पहुँचे आरोपियों मे मिंटू उर्फ बेटू जायसवाल 24 वर्ष रविनंदन सिंह गौड़ उर्फ गांधी22 वर्ष लाला उर्फ नीरज जायसवाल 21 वर्ष सुभाष जायसवाल उर्फ मिथुन 23 वर्ष परिजनों और क्षेत्र की जनता की अब मांग उठ रही है कि इन दरिंदों पर ऐसी कड़ी कार्रवाई हो कि दोबारा कोई मऊगंज की बेटियों की तरफ आँख उठाने की हिम्मत न करे।

**दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का गंभीर आरोप**

# शादी के दो माह बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत शिक्षक पति सहित ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

**रीवा।** जिले के लालगांव चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरा में शादी के महज दो माह बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने शासकीय शिक्षक पति सहित ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की। मृतका की पहचान 22 वर्षीय प्रिया तिवारी के रूप में हुई है, जिनका विवाह 22 नवंबर को ग्राम खैरा निवासी शासकीय शिक्षक दिलीप मिश्रा से हुआ था। प्रिया, अतरैला थाना क्षेत्र के लूक गांव निवासी रामरहीश पाठक की पुत्री थीं। बताया गया है कि दिलीप मिश्रा पहले से ही विवाहित थे और पहली पत्नी से अलग होने के बाद उन्होंने प्रिया से दूसरा विवाह किया था। शुक्रवार देर शाम प्रिया की ससुराल में



ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग खैरा गांव पहुंचे और दहेज के लिए प्रताड़ना व हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मृतका के पिता रामरहीश पाठक ने आरोप लगाया कि विवाह के बाद जब उनकी बेटी पहली बार मायके आई थी, तब उसने पति और ससुरालजनों द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित किए जाने की बात बताई थी। परिजनों का आरोप है कि शिक्षक पति और उसके परिजन शासकीय नौकरी का रौब दिखाते हुए पांच लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर प्रिया की हत्या कर दी गई। परिजनों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक हत्या का मामला दर्ज नहीं किया जाता, तब तक वे पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं होंगे। घटना की सूचना पर पुलिस के साथ नायब तहसीलदार बिंदु तिवारी भी मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश देते हुए निष्पक्ष जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में पाइप बिछा रात भर किसान कर रहे बिजली का इंतजार, समय निर्धारित नहीं, रात को चालू रखते हैं दिन में रहती है बंद



**रीवा।** शहर के समीपस्थ क्षेत्रों के किसान समय पर बिजली न मिल पाने के कारण गेहूं, चना आदि फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहें। जिनके खेतों के पास से नहर जा रही है उन्हें भी अपने खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए बिजली की आवश्कयता पड़ती है, किन्तु उन्हें सुबह के समय बिजली नहीं मिल पा रही। शहर से सटे ग्राम इटौरा, मैदानी, करहिया, दुआरी हो या फिर बनकुइयां, जेरुका, अटरिया, मढ़ी आदि ग्राम किसानों को सिंचाई करने के समय बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही। उक्त क्षेत्र के किसानों ने बताया कि रात के समय बिजली रहती है, किन्तु दिन में बिजली का कोई भरोसा नहीं रहता। कभी बिजली रहती है कभी दिन- दिन भर गायब रहती तो कभी आती जाती रहती है। जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई करने में परेशानी होती है। कई किसान तो अपने खेतों में पाइप बिछाकर घंटों बिजली के इंतजार में बैठे रहते हैं। किसान शंभू पटेल, रोहित पाण्डेय, मुकेश सोधिया, छोटे तिवारी, धिरेन्द्र दुबे आदि ने बताया कि दिन में पर्याप्त बिजली उपलब्ध न होने पर रात को हाड़कंपाती ठंड में किसान फसलों की सिंचाई करने को मजबूर है, फसलों को बचाने के चक्कर किसान बीमार पड़ रहे हैं, दिन में अन्य कार्य भी रहते, ऊपर से बिजली का भी कोई ठिकाना नहीं कि कब चालू हो और कब बंद कर दी जाए। यदि बिजली कटौती की भी जा रही है तो उसका समय निर्धारित कर दिया जाए, जिससे किसानों को अपना समय खराब न करना पड़े। बार-बार बिजली बंद चालू और वोल्टेज के उतार-चढ़ाव से पानी की मोटर व पंप भी जल रहे हैं, किसान हर प्रकार से नुकसान सहन कर रहा है, किन्तु सुविधा के नाम पर उसे न तो समय पर खाद, न समय पर बिजली मिल रही है न ही उपज की राशि मिल पा रही है।

# निजी भूमि पर जबरन बोर कराने का विरोध करने पर हमला, पति-पत्नी व पुत्र घायल सरपंच पर मारपीट का आरोप, सेमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटीमा की घटना

**रीवा ।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर ग्राम पंचायत मटीमा में पति-पत्नी और पुत्र के साथ मारपीट कामामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अन्य लोगों पर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना में महिला को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मटीमा निवासी चिंतामणि सेन ने आरोप लगाया है कि गांव के सरपंच और उसके साथियों द्वारा उसकी निजी भूमि पर जबरन सार्वजनिक बोर कराए जाने का प्रयास किया जा रहा था। जब उसने इस कार्य का विरोध किया तो सरपंच सहित अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि विवाद के दौरान उसकी पत्नी और पुत्र को भी नहीं बख्शा गया और तीनों को बेरहमी से पीटा गया। पीड़ित का कहना है कि यह घटना शनिवार सुबह की है, जब वह अपनी जमीन पर मौजूद था। इसी दौरान सरपंच और अन्य लोग वहां पहुंचे और बिना उसकी सहमति के बोर खनन शुरू करने लगे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। घटना में पीड़ित की पत्नी को गंभीर चोटें आईं, जबकि चिंतामणि सेन और उसके पुत्र को भी चोटें पहुंची हैं। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां महिला की हालत को देखते हुए उसे संजय गांधी अस्पताल, रीवा में भर्ती कराया गया है। वहीं, मामले की सूचना सेमरिया थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।